उत्तर प्रदेश शासन

आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-2

संख्या -10/2021/ 538/78-2-2021/254एलसी/2019

लखनऊ, दिनांक 26 मार्च,2021

कार्यालय- ज्ञाप

सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अधिसूचना संख्या- 4/2021/1792/78-2-2020/ 254एलसी/2019 दिनांक 28-01-2021 द्वारा "उत्तर प्रदेश डाटा सेन्टर नीति-2021" अधिसूचित की गयी है, जिसमें व्यवस्था है, कि उत्तर प्रदेश डाटा सेन्टर नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन एक नोडल एजेन्सी नामित की जाएगी। नोडल एजेन्सी प्रदेश में डाटा सेन्टर ईकोसिस्टम के सतत विकास हेतु एक अनुकूल नीतिगत वातावरण के सृजन हेतु उत्तरदायी होगी। निवेशकों को ससमय स्वीकृतियों की प्राप्ति हेतु एकल खिड़की प्रणाली के रूप में कार्य करने के लिए नोडल एजेन्सी "निवेश मित्र" पोर्टल का उपयोग करेगी। निवेश प्रोत्साहन गतिविधियों के प्रबन्धन तथा नीति का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए नोडल एजेन्सी द्वारा आउटसोर्स प्रोफेशनल्स और कन्सल्टेण्ट्स तथा पर्याप्त स्टाफ सहित एक समर्पित परियोजना प्रबन्धन इकाई (पीएमयू) स्थापित की जायेगी।

2- प्रकरण में सम्यक विचारोपरान्त "उत्तर प्रदेश डाटा सेन्टर नीति-2021" के क्रियान्वयन हेतु उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लि0 (यूपीएलसी), अशोक मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ को एतद्द्वारा नोडल एजेन्सी नामित किया जाता है।

अरविन्द कुमार
अपर मुख्य सचिव

संख्या एवं तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त,उ0प्र0।
3. प्रबन्ध निदेशक, यूपीएलसी, अशोक मार्ग हजरतगंज लखनऊ।
4. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को, गोमती नगर लखनऊ।
5. अधिशासी निदेशक, इनवेन्ट यूपी, 12-सी मॉल एवेन्यू लखनऊ।
6. आईटी एवं इले0 अनुभाग-1 उ0प्र0 शासन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
बराती लाल
संयुक्त सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in